हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 सितंबर 2025

06 उत्साह से मना शिक्षक दिवस, गांवों स्कूलों और कॉलेज...

07 बीआरसी ने बच्चों को गीत से शिक्षा का महत्व बताया...




## खबर संक्षेप

### आरोपी की सूचना देने पर इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने करारिया थाना में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों में देशराज पुत्र पृथ्वीराज बघेल निवासी ग्राम ऊहर थाना बासौदा, सोनू पुत्र सरदार सिंह उर्फ रामबाबू बघेल निवासी ग्राम खामखेड़ा थाना करारिया की सूचना देने वालों को दो-दो हजार रुपए की नगद राशि देने की घोषणा की है।

### हर विकासखंड पर एक एक कैंप आयोजित

**विदिशा।** जिले के दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर एवं उपकरण के चिन्हांकन हेतु ऐलिम्को टीम उज्जैन के द्वारा हरेक विकासखंड पर एक एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 8 सितंबर को गंजबासौदा के मानस भवन में 9 सितंबर को ग्यारसपुर के आजिविका मिशन भवन में दस सितंबर को कुरवाई के बीआरसी कार्यालय कुरवाई में 11 सितंबर को लटेरी के बीआरसी कार्यालय लटेरी में तथा 12 सितंबर को नटेरन बीआरसी कार्यालय नटेरन में 13 सितंबर को सिरोंज के हाजीपुर शाला सिरोंज में और 15 सितंबर को विदिशा के सनराइजर स्कूल शिविर का आयोजन किया गया है।

### ग़रीब बस्तियों में जाकर मनाई ईद मिलाद्दुनबी



**विदिशा।** पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद का जन्मदिन जिला मुस्लिम त्योहार कमेटी ने शहर की गरीब बस्तियों में जाकर मनाया ईद ए मिलाद्दुनबी का पर्व। इस अवसर पर मेहमूद कामिल, हाजी भाई, वसीम शैख़,शोएब ख़ान,असद ख़ान, साजिद मंसूरी,नोमान अली, फ़ैसल ख़ान, रेहान पटेल, अयान पठान, आदि लोग मौजूद रहे। मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज़ मेहमूद कामिल ने कहा आज जब समाज में नफरत और वैमनस्य बढ़ रहा है, ऐसे में पैगंबर मोहम्मद की तालीम इंसानियत के लिए रोशनी का चिराग है. उन्होंने कहा था, तुममें सबसे बेहतर वह है, जिसके हाथ और जुबान से दूसरे महफूज़ रहें. यानी मानवता की सेवा और शांति का संदेश ही असली इस्लाम है। ईद मिलादुन्नबी हमें यह याद दिलाती है कि हमें अपने जीवन को पैगंबर के आदर्शों पर ढालना है।

### कार्यकर्ताओं को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**विदिशा।** भारतीय किसान संघ मध्य भारत प्रांत द्वारा तहसील कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिले में संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ता विस्तार को लेकर प्रत्येक 3 वर्ष में तहसील कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाता है। 5 सितंबर से प्रेम श्री पैराडाइज गार्डन ढोलखेड़ी चौराह पर सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक यह प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया।

### वेयरहाउस में चोरी की कोशिश, वाहन जब्त

**विदिशा।** आनंदपुर में गोवर्धन वेयरहाउस से चोरों ने मसूर की बोरियां चुराने का प्रयास किया। चार चोर पिकअप वाहन से वेयरहाउस तक पहुंचे। वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पैदल वेयरहाउस में घुसे। चोरों ने वेयरहाउस का ताला तोड़कर 56 बोरी मसूर बाहर निकाली। वे इन्हें खेत में फेंककर ले जाने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस की नजर सड़क पर खड़े संदिग्ध पिकअप वाहन पर पड़ी। पुलिस को वेयरहाउस के पास चार संदिग्ध दिखे और खेतों में मसूर की बोरियां बिखरी मिलीं। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन चोर मसूर की बोरियां छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने पिकअप वाहन और मसूर की बोरियां जब्त कर लीं हैं। मसूर की कीमत लगभग 2 लाख रुपए है।

### 104 फीसदी भरा डैम, अब तक कुल 710 मिमी बारिश दर्ज

# हलाली बांध का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, तीन गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हलाली डेम से पानी छोड़ने के कारण नदी का जलस्तर पर बढ़ गया है और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। इधर मौसम विभाग ने भी अगले दो दिन बारिश की चेतावनी दी है।


हलाली का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। शुक्रवार सुबह बांध का जलस्तर 459.80 मीटर दर्ज किया गया। बांध की क्षमता 252.13 एमसीएम है, लेकिन इसमें 263.50 एमसीएम (10 लाख घन मीटर) पानी भर चुका है। बारिश के चलते पहले दो गेट आधा-आधा मीटर खोले गए थे, जिनसे 77 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। लगातार बारिश से पानी की आवक बढ़ी तो शुक्रवार सुबह 10:30 बजे तीसरा गेट भी खोलना पड़ा। अब तीनों गेट 0.75 मीटर तक खोले गए हैं, जिनसे 174.50 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।



**विदिशा।** हलाली बांध के तीन गेट खोलने के कारण बेतवा नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

#### बारिश के इस सीजन अब तक 710 मिमी बारिश

हलाली बांध के कार्यपालन यंत्री राजकुमार पंडौले ने बताया कि पानी की आवक अभी भी जारी है। जरूरत पड़ने पर और गेट खोले जा सकते हैं। उन्होंने हलाली, बेस और बेतवा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से दूर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटे में 15 मिमी बारिश दर्ज हुई है। इस सीजन में अब तक कुल 710 मिमी बारिश हो चुकी है। गेट खुलने के बाद गुरुवार को छरछरा पहली शुरू हो गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग हलाली डैम पहुंचे। हलाली डैम से विदिशा और रायसेन जिले के कई गांवों तक नहर के जरिए पानी पहुंचता है। इस डैम के पानी से इन दोनों जिले के गांवों के कई किसानों को सिंचाई के लिए जल आपूर्ति होती है।



#### प्रशासन अलर्ट, घाटों पर सुरक्षा पुख्ता की

नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण गणेश विसर्जन के दौरान प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गणेश उत्सव चलसमारोह और गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी न इसके लिए पूर्व में ही पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित कराने के निर्देश विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। जनसमूह की संभावित उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा विभागों के माध्यम से सुरक्षा, विद्युत एवं चिकित्सीय व्यवस्थाओं को लेकर इंतजाम किए जा रहे हैं। नदी घाटों व विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में जवान, तैराक, राफ्टर नाव, गोताखोर, लाइफ जैकेट, ट्यूब और सर्च लाइट की व्यवस्था की गई है। नगर के कुड विसर्जन स्थल पर अधिकारी स्वयं मौजूद रहकर निरीक्षण करेंगे।

### कृषि उपज मंडी में चोरी करते कैमरे में कैद हुए

## दीवार तोड़कर घुसे, 3 दुकानों से 40 हजार का माल चुराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नई कृषि उपज मंडी में गुरुवार रात चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने तीन दुकानों की पिछली दीवार तोड़कर करीब 40 हजार रुपए का माल चुरा लिया।

चोरों ने पहले दुकान नंबर-1 और नंबर-2 के ताले तोड़ने की कोशिश की। सेंट्रल लॉक होने के कारण वे ताला नहीं तोड़ सके। इसके बाद उन्होंने दुकानों के पीछे से दीवार तोड़कर एंट्री की। दो गल्ला दुकानों और एक कीटनाशक दुकान को निशाना बनाया गया।

#### सीसीटीवी में कैद हुए

कृषि मंडी की 9 नंबर कीटनाशक दुकान के सीसीटीवी में दो नाबालिग दीवार तोड़कर अंदर घुसते नजर आए। कीटनाशक दुकान से 25 हजार, गल्ला व्यापारी राहुल की दुकान से मोबाइल और तिजोरी तोड़कर 7 हजार रुपए और दूसरी गल्ला दुकान से 8 हजार रुपए चोरी हुए। वारदात रात करीब 10 बजे की है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी समिति ने दुकानों और बाउंड्री वॉल के बीच ढाई फीट की गैलरी छोड़ रखी है। यह चोरों के लिए आसान रास्ता बन गई है। पहले भी चोर इसी तरह पीछे की दीवार तोड़कर दुकानों में घुसे हैं। व्यापारियों ने मंडी के पास अवैध शराब के कारोबार और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी की भी शिकायत की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जिनकी दुकान में चोरी हुई है उन दुकानदारों के नाम राहुल, प्रेम और भानु शामिल हैं।

### देशी कट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**लटेरी।** लटेरी पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को लटेरी पुलिस नगर में सर्चिंग अभियान चला रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि चैनपुरा रोड गुमठी के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक जय कुमार सिंह ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा। टीम ने घेराबंदी कर 22 वर्षीय रवि गौर को पकड़ लिया। तलाशी में आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। सीहोर जिले का रहने वाला आरोपी रवि पहले से कई संगीन मामलों में वांछित है। उसके खिलाफ हत्या की साजिश, धार्मिक कार्यक्रम में व्यवधान, मारपीट, धमकी और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। लटेरी थाने में अवैध हथियार रखने का नया मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खाद और बिजली की समस्य को लेकर धतुरिया चौराहे पर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शुक्रवार को किसानों ने सागर रोड धतुरिया चौराह पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता और मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि विदिशा का किसान खाद, बीज, बिजली, पानी, बीमा सर्वे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

धतुरिया के पूर्व सरपंच सुंदर सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में किसान खाद बिजली की समस्या से जूझ रहा है और प्रशासन शासन मौन होकर देख रहा है। अहमदपुर के पूर्व सरपंच उमराव सिंह कुशवाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ हमेशा अन्याय किया है। सिर्फ ढोलखेड़ी का विकास हुआ है और कहीं नहीं। प्रदर्शन को अन्य किसान रामसेवक मीणा, नरेंद्र सिंह दांगी, बाबूलाल लोधी, लखन सिंह मीणा, संतोष रघुवंशी, राजकुमार पासी, अरुण अवस्थी ने संबोधित करते हुए सरकार की नीतियों और कार्य प्रणाली को किसान विरोधी बताया। किसानों द्वारा धतुरिया चौराह सागर रोड पर विरोध प्रदर्शन करने पर तहसीलदार और सिविल लाइन टीआई मौके पर पहुंचे और किसानों से पांच सूत्री मांग लेकर प्रदर्शन को खत्म कराया। इस दौरान पोप सिंह दांगी, चैन सिंह दांगी, सरदार सिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, बृजेंद्र दांगी, मोहन सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप का निरीक्षण 303 लीटर डीजल जब्त

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर राजस्व और खाद्य विभाग की टीम ने गुरुवार को दो पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने बीना रोड स्थित आदिश्वर पेट्रोलियम और पानबाई एनर्जी स्टेशन की जांच की। इस दौरान पेट्रोल, डीजल और एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल का स्टॉक सत्यापन किया गया। साथ ही घनत्व परीक्षण भी हुआ। पंपों पर पेयजल, शौचालय और हवा की सुविधाओं को भी परखा गया। जांच में आदिश्वर पेट्रोलियम का स्टॉक बोर्ड अपडेट नहीं मिला। पानबाई एनर्जी स्टेशन के डीजल स्टॉक में निर्धारित सीमा से ज्यादा अंतर था। टीम ने 27,803 रुपए मूल्य का 303.86 लीटर डीजल जब्त कर लिया। कार्रवाई में कुरवाई नायब तहसीलदार देवदीप सिंह, बासौदा के सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य, कुरवाई के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी मौजूद थे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि जिले में औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

## धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में 50 से ज्यादा लोग जुटाने पर एसडीएम से लेने होगी अनुमति

#### दुकानें रात 11 बजे तक ही खुली रह सकेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नए आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत सभी धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

आदेश में कहा गया है कि 50 से ज्यादा लोगों के एकत्र होने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। किसी भी कार्यक्रम में शस्त्र या अग्नेय शस्त्र ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। समुदायों की भावनाओं को आहत करने वाले नारे या पोस्टर लगाने की अनुमति नहीं होगी। होटल, लॉज और धर्मशाला संचालकों को अतिथियों की पहचान सत्यापित करनी होगी। गृहस्वामियों को किरायेदार या घरेलू कामगार की जानकारी थाने में देना आवश्यक होगा। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने पर रोक लगाई गई है।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को रात 11 बजे तक ही खुला रखने की अनुमति होगी। मेडिकल स्टोर और अस्पताल इस नियम से मुक्त रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए भी अनुमति लेनी होगी। आदेश आगामी त्योहारों तक लागू रहेगा।

#### मार्ग रहेंगे डायवर्ट

आज शाम 4 बजे से 7 रविवार सुबह 8 बजे तक दो पहिया , तीन पहिया एवं चार पहिया एवं समस्त भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अशोकनगर, गुना से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त दो पहिया चार पहिया एवं भारी वाहन ढोलखेड़ी, उदयगिरी से सांची होते हुए भोपाल जाएंगे। भोपाल से अशोकनगर , गुना की ओर जाने वाले भारी वाहन सांची, उदयगिरी होते हुए ढोलखेड़ी से जाएंगे। सागर से अशोकनगर गुना की ओर जाने वाले समस्त वाहन ओलंपस स्कूल से ढोलखेड़ी होते हुए अशोकनगर गुना की ओर जाएंगे। इसी प्रकार अशोकनगर गुना से सागर की ओर जाने वाले समस्त वाहन समस्त वाहन ढ़ोलखेड़ी से ओलंपिक स्कूल होते हुए सागर की ओर जा सकेंगे।

## केंद्रीय मंत्री बोले: पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करें, स्वदेशी अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी सहित पहुंचे। उन्होंने गणेश जी की पूजन, मंदिर परिसर में पौधारोपण, मंदिर में चल रहे रामायण पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के समापन अवसर उन्होंने पूर्णाहुति में भाग लिया।

शिवराज सिंह चौहान ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और नशामुक्त रहने की बात कही। साथ ही पंजाब में आई बाढ़ पर चिंता जाहिर की। चौहान ने कहा कि गणेश जी बुद्धि के दाता हैं। हम सबके लिए सद्बुद्धि और सही मार्ग की प्रेरणा दें, यही प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव हमारे जीवन में सद्भाव और समृद्धि का संदेश देता है।

#### पीड़ितों का सहारा बनें

मंत्री चौहान ने पंजाब में आई बाढ़ को लेकर चिंता जताई और अपील की कि पंजाब के भाई-बहनों की मदद के लिए सभी को मिलकर हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। संकट की इस घड़ी में हमें एकजुट होकर पीड़ित परिवारों का सहारा बनना होगा। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की भी अपील की। चौहान ने कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपने देश में बनी चीजों का उपयोग करेंगे। इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा।

### नीमताल पर बीती देर रात हुई चाकूबाजी

**विदिशा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीचौक नीमताल पर एक पान की दुकान पर ध्रुव यादव और शिवराज यादव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें शिवराज यादव और उनके साथी युवराज, हिमांशु, निकुंज यादव ने ध्रुव के साथ चाकूबाजी कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सीएससी अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्रयास की धारा के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को तलाश की जा रही है।

## 200 से ज्यादा कैमरे खंगाले, 150 लोगों से पूछताछ कर अंधे कत्ल का किया खुलासा

### थाना पठारी के ग्राम शहरवासा गांव में हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पठारी तहसील के शहरवासा गांव के पास खेत में देशराज अहिरवार निवासी ग्राम साहिबा की कीचड़ में सनी हुई लाश मिली थी।

24- 25 अगस्त की दरमियानी रात हुई इस घटना में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कि तो पता चला कि जांच में खुलासा हुआ कि मृतक से 1400 रुपए की लूट कर हत्या की गई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। 150 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश की।

तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की आरोपी मोनू वंशकार पिता स्व. मोहन सिंह, उम्र 20 वर्ष, सौरभ वंशकार पिता देवेंद्र वंशकार उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी ग्राम साहिबा टापरा थाना शहर बासौदा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### अगली बार से अशासकीय शिक्षक व शिक्षक संस्थान के संचालकों को भी करेंगे शामिल

# कायस्थ सभा ने सम्मानित किए 130 शासकीय शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शिक्षक दिवस के मौके पर शुक्रवार को शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा चित्रांश शिक्षाविद सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के करीब 130 शासकीय शिक्षकों को प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जैन कॉलेज के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ पीएन श्रीवास्तव, सेवानिवृत सहायक संचालक चारुलता सक्सेना वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत प्राचार्य राजेन्द्र श्रीवास्तव, कायस्थ सभा के पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

#### दिया संदेश: बच्चों को सिर्फ पढ़ाने के लिए नहीं उच्च अधिकारी बनाने पढ़ाएं



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चारुलता सक्सेना ने कहा कि शिक्षक छात्रों के भविष्य का निर्माण करने वाला होता है। इसलिए सभी को जिम्मेदारी से अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। शिक्षा से अच्छे समाज और राष्ट्र का बेहतर निर्माण किया जा सकता है। शिक्षक दिवस पर इस कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय इंदिरा दिनेश सक्सेना की पुण्य स्मृति में किया गया था। समाज में शासकीय शिक्षकों की संख्या अधिक होने के कारण अशासकीय शिक्षकों को शामिल नहीं किया जा सका। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि अलगे साल से इस कार्यक्रम में अशासकीय शिक्षक, शिक्षण संस्थान संचालित करने वाले सहित शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले समाज के अन्य लोगों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि शिक्षक जैसे सम्मानीय पद पर हमारे समाज के लोग इतनी बड़ी संख्या में हैं कि सबका एक साथ सम्मान कर पाना मुश्किल है।

#### चित्रगुप्त मांगलिक भवन का करेंगे निर्माण

कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज का कोई मांगलिक भवन नहीं है। समाज के लोग महंगे गार्डनों में कार्यक्रम करते हैं। इसलिए कायस्थ सभा ने निर्णय लिया है कि शहर में हमारी समाज का भी एक मांगलिक भवन हो। जो समाज के लोगों को सस्ती दर पर उपलब्ध कराया जाए। जिससे अनावश्यक खर्च से बचा जा सके।

### नाबालिग को ले जाने वाले आरोपी को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज. गुलाबंगज।** 30 अगस्त को थाना गुलाबगंज क्षेत्र से 15 वर्षीय नाबालिक बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। 4 सितंबर को थाना गुलाबगंज पुलिस ने बालिका को बासौदा से खोज निकाला। पुलिस टीम ने आरोपी राजाबाबू पिता शंकर सिंह आदिवासी 20 वर्ष निवासी डफरयाई को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। नाबालिक बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया गया।



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस कृषि महाविद्यालय में भारत रत्न मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। शुरुआत 29 अगस्त को दौड़ प्रतियोगिता से हुई। छात्र-छात्राओं ने दौड़ में भाग लिया। 30 अगस्त को निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। खेल से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों के बीच संवाद का आयोजन भी हुआ। प्राध्यापकों ने खेलों की भूमिका पर बात की। मोबाइल से दूरी बनाने और खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। 31 अगस्त को प्रतियोगिता का समापन हुआ। भाला फेंक, डिस्क थ्रो, गोला फेंक, कबड्डी और रस्साकशी हुई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ विनोद गर्ग ने छात्रों को खेल को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। एनएस खेड़कर, डॉ अपर्णा शर्मा और डॉ सतीश शर्मा ने छात्रों को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### मवेशी जमे हैं सड़कों पर



**गंजबासौदा।** नपा द्वारा लावारिस मवेशियों को गौशाला पहुंचाने के बाद भी दर्जनों मवेशी अब भी सडकों पर जमे हुए हैं। नागरिकों ने नपा प्रशासन से शीघ्र ही नगर में घूम रहे अन्य मवेशियों को भी पकडकर या घेरकर गौशाला में पहुंचाने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि नपा की अस्थाई गौशाला का निर्माण होते ही नपा ने गतदिवस से लावारिस मवेशियों को सडक से घेरकर गौशाला में पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। गत दिवस सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने पार्षदों एवं अन्य नागरिकों के साथ पहुंचकर गौशाला में पहुंचाए गए मवेशियों की व्यवस्थाओं को देखा और नपाकर्मियों को मवेशियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### सड़क पर खड़ी कार से लगा जाम



**गंजबासौदा।** नगर में चार पहिया वाहन चालकों द्वारा लापरवाही से वाहन खडे करने से यातायात अव्यवस्था उत्पन्न होती है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में सामने आया। जहां एक कार चालक सडक पर ही कार खडी कर गए। जिससे पीछे आ रहे टैंकर को निकलने जगह नहीं मिली और टैंकर के पीछे कई वाहनों की लाइन लग गई। कुछ देर बाद कार चालक आए और कार को हटाया तब जाकर यातायात बहाल हो सका। यह घटनाक्रम यातायात पुलिस चौकी से कुछ कदम दूरी पर ही हुआ।

### उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का रोली अक्षत और उपहार भेंट कर सम्मान किया

# उत्साह से मना शिक्षक दिवस, गांवों स्कूलों और कॉलेज में हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शिक्षकों के प्रति आदर प्रकट करने का दिन शिक्षक दिवस नगर एवं आसपास के गांवों में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जहां कुछ स्कूल, कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए गए, वहीं गांवों में भी शिक्षकों का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन शिक्षकों के प्रति आदर प्रकट करते हुए उनका सम्मान किया जाता है। शुक्रवार को हालांकि ईद के अवकाश के चलते अधिकांश विद्यालय बंद रहे, लेकिन इसके बावजूद कई विद्यालयों, कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा बाल मित्र ग्राम साहबा, लेहदरा, औरंगपुर सहित आसपास के ग्रामों में शिक्षकों का सम्मान किया गया।







शिक्षकों को पुस्तक "करुणा की चिंगारी" एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज का सच्चा मार्गदर्शक होता है, जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और जीवन के मूल्यों से जोड़ता है। वहीं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्लवी राधा कृष्णन के चित्र पर प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे ,उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रो आरआर द्विवेदी ने डॉक्टर सर्वपल्लवी राधा कृष्णन के बारे में छात्रों और प्राध्यापकों को बताया कि वह महान दार्शनिक ओर विद्वान शिक्षक थे। खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि डॉक्टर राधाकृष्णन स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे उन्हें बचपन से ही किताबे पढ़ने का बहुत शोक था। शिक्षक दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रसंघ और विद्यार्थियों ने अपने समस्त शिक्षकों का रोली अक्षत और उपहार भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य जय नारायण मेहता एवं टीडी वर्मा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उनका भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे शिक्षक दिवस बडे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी,गोपाल दास अहिरवार,रानी रघुवंशी माधवी भाटिया,तृप्ति तिवारी का सम्मान अतिथि गायत्री रघुवंशी द्वारा शाल, पुष्प गुच्छ, श्रीफल से किया गया। साथ मे शाला मे निशुल्क शिक्षा दे रही आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार का सम्मान किया गया और छात्रों द्वारा लाया केक भी काटा गया। बाद में सभी ने शिक्षक दिवस पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान ग्रामीण और बच्चे मौजूद थे।

## एसजीएस कॉलेज में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 14 अगस्त से 19 सितंबर 2025 तक अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को केश विन्यास हेयर स्टाइलिंग की कला सिखाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि ब्यूटी इंडस्ट्री भविष्य में सबसे तेजी से उभरने वाला उद्योग है, जो युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ब्यूटी इंडस्ट्री में करियर के अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. कंचन वैद्य ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न केश विन्यास तकनीकों, जैसे बन, ब्रेडिंग, खुले बालों की स्टाइलिंग, फ्रेंच ब्रेड, मेसी बन और औपचारिक अपडू स्टाइल्स के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बालों की देखभाल, उपयुक्त हेयर प्रोडक्ट्स का चयन, विभिन्न अवसरों के लिए हेयर स्टाइल डिज़ाइन करने की तकनीक और स्टाइलिंग टूल्स जैसे कर्लिंग आयरन, स्ट्रेटनर और हेयर एक्सेसरीज के उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सबिहा मंसूरी ने एवं आभार शिवानी गौर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रेखा जांसल, डॉ. सपना श्रीवास्तव, शिवानी विश्नोई, प्रीति रघुवंशी, जान्हवी चतुर्वेदी, मोहिनी कुशवाहा, महक दांगी, पलक प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

## शिवसेना यूबीटी ने की शर्मनाक घटना की निंदा, आरोपी को मृत्युदंड की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिवसेना यूबीटी के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नगर के श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की। जिसमें शिवसेना यूबीटी पदाधिकारियों ने पिछले दिनों नगर में मासूम से दरिंदगी की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही आरोपी को भी मृत्युदंड की सजा की मांग करते हुए पुलिस और प्रशासन से नगर में नशे एवं अवैध हथियारों के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा उन्होंने जन जागरण की भी मांग की। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को नगर में एक पांच वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ ऑटो चालक ने दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।




इसी मामले को लेकर शुक्रवार को शिवसेना यूबीटी के प्रदेश प्रवक्ता दिनेश विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष एवं भोपाल संभाग प्रभारी सतेन्द्र सिंह सिसौदिया, विदिशा नगर अध्यक्ष अभय सिंह सिसोदिया एवं हर्ष रजक ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए नगर के श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस पत्रकार वार्ता में नगर अध्यक्ष अभय सिंह सिसौदिया ने कहा कि ऐसे मामले में राजनैतिक एवं धार्मिक सोच से ऊपर उठकर आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। वहीं प्रदेश प्रवक्ता दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विदिशा के सांसद और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में ऐसी घटनाएं करने वालों के खिलाफ फांसी की सजा का प्रावधान किया गया था, लेकिन अभी तक प्रदेश में एक भी आरोपी को फांसी नहीं दी गई है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इतनी गंभीर घटना के बाद भी विधायक, प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीडित के पक्ष में संवेदनाएं तक जाहिर नहीं की हैं। उन्होंने ऑटो चालकों के सत्यापन करने की मांग की। साथ ही प्रशासन एवं जनता से भी अपील की कि सख्त कार्रवाई एवं जनजागरण से ऐसा माहौल बनाया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो सकें। जिलाध्यक्ष सतेन्द्र ि संह सिसौदिया ने कहा कि इस मामले सहित नगर और जिले में नशे एवं अवैध हथियारों के बढते कारोबार के खिलाफ आगामी समय में शिवसेना द्वारा प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## कमल पुष्प जीवन का अर्थ है कीचड़ भरे वातावरण में रहते हुए पवित्र और शुद्ध रहना: ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा श्री गणेश जी के जन्म का सही अर्थ समझाते हुए ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि पौराणिक कथा यह है कि श्री शंकर भगवान ने एक बालक का सिर काट दिया, जिसे श्री पार्वती जी ने स्नान करने की इच्छा होने पर द्वार की रक्षा के लिए अपने शरीर की धूल से बनाया था और फिर शंकर जी ने बालक के धड़ पर एक हाथी का सिर लगा दिया। यह इस बात का प्रतीक है कि परमपिता परमेश्वर हमारे अहंकार रूपी सिर को समाप्त कर उसके स्थान पर ज्ञान रूपी सिर स्थापित करते हैं। ज्ञान हमें अपने जीवन में सभी बाधाओं को नष्ट करने या विघ्न विनाशक बनने की शक्ति देता है, जिसका प्रतीक श्री गणेश हैं। श्री गणेश का विशाल माथा ज्ञान का प्रतीक है। जब हम परमपिता परमेश्वर द्वारा दिए गए आध्यात्मिक ज्ञान का अध्ययन करते हैं और उसे अपने हर विचार, वचन और कर्म में धारण करते हैं, तो हम ज्ञान से परिपूर्ण हो जाते हैं।



छलनी जैसे चौड़े कानों का अर्थ है कि हम हर व्यक्ति और परिस्थिति में केवल वही ग्रहण करते हैं जो अच्छा है। शुद्ध जानकारी ग्रहण करने से मन स्वच्छ रहता है। छोटी आंखें दूरदर्शिता का प्रतीक हैं, जिसका अर्थ है कि आज कर्म करने से पहले हम प्रत्येक कर्म के भविष्य के परिणाम को देख लेते हैं। श्री गणेश का छोटा मुख हमें याद दिलाता है कि हम कम बोलें और प्रत्येक शब्द हमारे लिए तथा दूसरों के लिए आशीर्वाद होना चाहिए। श्री गणेश को केवल एक दाँत के साथ दर्शाया गया है। यह दर्शाता है कि हमें पसंद-नापसंद, सुख-दुःख, सुखद-अप्रिय, अच्छे-बुरे के द्वंद्व में नहीं फँसना चाहिए। हमें इनसे उबरना होगा और हर परिस्थिति में संतोष और शांति का विकास करना होगा।

श्री गणेश का बड़ा पेट समायोजन शक्ति का प्रतीक है। हमें दूसरों से उनकी कमज़ोरियों और उनके गलत कार्यों के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। श्री गणेश के हाथों में कुल्हाड़ी, रस्सी और कमल दिखाया गया है और उनका एक हाथ आशीर्वाद दे रहा है। कुल्हाड़ी नकारात्मक आदतों को काटने की शक्ति का प्रतीक है। रस्सी शुद्ध जीवनशैली के अनुशासन से बंधे रहने का प्रतीक है। कमल जीवन का अर्थ है कीचड़ भरे वातावरण में रहना, लेकिन अछूता और शुद्ध। आशीर्वाद देने वाले हाथ का अर्थ है कि दूसरे लोग कैसा भी व्यवहार करें, उनके लिए हमारे विचार और शब्द केवल आशीर्वाद ही होने चाहिए। उन्हें एक पैर ज़मीन पर और दूसरा पैर मोड़े बैठे हुए दिखाया गया है। यह हमें ज़मीन से जुड़े और विनम्र बने रहने की याद दिलाता है। दुनिया में रहते हुए भी उससे अलग। उनके एक हाथ में रखा मोदक कड़ी मेहनत के फलस्वरूप मिली सफलता का प्रतीक है। लेकिन उन्हें इसे खाते हुए कभी नहीं दिखाया जाता, जिसका अर्थ है कि सफलता तो प्राप्त करो, लेकिन उसका श्रेय मत लो। मोदक एकता और सहयोग का भी प्रतीक है क्योंकि मोदक बनाने के लिए पाँचों उँगलियों की आवश्यकता होती है। श्री गणेश के चरणों के पास दिखाया गया चूहा, विकारों और वासनाओं पर विजय का प्रतीक है। जिस प्रकार एक चूहा एक छोटे से छेद से भी चुपचाप घर में प्रवेश कर जाता है, उसी प्रकार विकार उस आत्मा में प्रवेश कर जाते हैं जो सचेत नहीं रहती। जब हम श्री गणेश के सभी गुणों को आत्मसात कर लेंगे, तो हम अपने विकारों और वासनाओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे। जब हम अपने हर विचार, शब्द और कार्य में श्री गणेश के प्रतीक के रूप में दिव्य गुणों का अनुभव और अभिव्यक्ति करना शुरू करते हैं, तो हमारी बाधाएं नष्ट हो जाती हैं और हम जीवन में पवित्रता, शांति और समृद्धि पाते हैं।

## प्रियंक कानूनगो ने की ग्रामीणों से मुलाकात



**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं मानव अधिकार आयोग के सदस्य कैबिनेट मंत्री प्रियंका कानूनगो गत दिवस अपने गृह ग्राम कस्बा बागरोद पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों, ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा के त्योंदा मंडल के उपाध्यक्ष दीपक यादव के निवास पर पहुंचकर उनके पिता वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ बलिराम यादव का कुशलक्षेम जाना और दीपक यादव के पुत्र काव्यांश के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सरस्वती शिशु मन्दिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका सोनाली सेवड़े ने कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रथम स्थान पर 2500 रू द्वितीय स्थान पर 1500 रू तृतीय स्थान पर आने वाले भैया बहनों को 1000 रु की नगद राशि से उनके माता पिता की उपस्थिति में सम्मानित किया। साथ ही समिति अध्यक्ष राकेश भारद्वाज एवं समिति सचिव विनोद कुमार शाह ने कक्षा 8वीं, 5वीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को 1000,750,500 रू की नगद राशि देकर सम्मानित किया एवं प्रतिभाशाली भैया बहनों को प्रोत्साहन हेतु शील्ड प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रामकमल रघुवंशी, सुरेश देव , प्रेमनारायण विश्वकर्मा, विद्यालय समिति के सदस्य राहुल माथुर, एसके सैनी मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों ने भैया बहनों को बधाई दी एवं अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान वीर सावरकर समिति द्वारा संस्था में पदस्थ आचार्य गण एवं स्टाफ को व्यक्तिगत डायरी भेंट की गई। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश नारायण व्यास ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया।

### देश की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ युवाओं में है

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरूवार को बालाजी नगर स्थित विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यालय में युवा शाखा बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग दल के मध्य भारत प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ्य युवाओं में है कल का भारत कैसा होगा। यह आज का युवा तय कर सकता है इसलिए बजरंग दल के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रवाद का बीजारोपण करना है तभी तो हमारा देश भविष्य में भी विरोधी ताकतों से लडने के लिए तैयार रहेगा। आगे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्त समाज हो, युवाओं में शारिरिक श्रम करने की आदत बने इसके लिए बजरंग दल साप्ताहिक मिलन, विचार गोष्ठी आदि के माध्यम से प्रेरित करना चाहिए। विभाग संयोजक सचिन यादव ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर कारसेवा में बलिदान हुतात्माओं की स्मृति में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच हुतात्मा दिवस पर प्रति वर्ष बजरंग दल रक्तदान और रक्त परीक्षण शिविर आयोजित करता है। जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रक्त सहायता मिलती है। बैठक का संचालन अभिषेक शर्मा ने किया तथा संगठनात्मक वृत्त बजरंग दल के जगदीश शाक्य ने लिया। इस मौके पर सत्यम दुबे, केशव सिंह हाड़ा, राजकुमार विश्वकर्मा, लालचंद कुशवाहा, मिंटू परिहार, टोनी अहिरवार, रामकृष्ण राजपूत, संजय सिलावट, भजन प्रजापति, नरेश राजपूत, कार्तिक खटीक, रोहित यादव, अतुल ठाकुर, सौरभ गुर्जर, विनोद कुशवाहा, उमेश शर्मा, मनोज ठाकुर, गौरव नामदेव मौजूद थे।

## पूर्व विधायक निशंक जैन का जन्मदिन

**गंज बासौदा।** ग्यारसपुर गंज बासौदा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निशंक जैन के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीतला शक्तिधाम पहुंच कर पूजा पाठ कर माता रानी को चुनरी भेंट कर प्रसादी वितरण किया गया और पूर्व विधायक की लंबी आयु की कामना की। इसके बाद सभी कार्यकर्ता शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने गौ माताओं की सेवा की और तिरंगा चौक, पुरानी कृषि उपज मंडी, बस स्टैंड पर पहुंचकर गौ माताओं को घास खिलाया गया। इस अवसर पर अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भगवान वामन अवतार का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 22 वां भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव श्री शनि देव शक्ति धाम पर धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान गणेश जी, भगवान वामन,भगवान परशुराम सहित सभी देवी देवता की प्रतिमा पर अभिषेक पूजन कर आरती की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात ब्राह्मण समाज का पूर्वी रेलवे कालोनी क्षेत्र का संपूर्ण सर्वे करने वाले पुरुषोत्तम उपाध्याय का सम्मान किया गया।

दीपक तिवारी ने बताया कि त्रेतायुग के प्रारम्भ होने में भगवान विष्णु ने बक्सर में मां गंगा के तट पर सिद्धाश्रम स्थल पर वामन रूप उनके पिता ऋषि कश्यप और माता ऋषि अदिति के यहाँ हुआ था। इसीलिए इस स्थान को वामन जन्मस्थली एवं वामनाश्रम भी कहते हैं। इसके साथ ही यह भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे। जो मानव रूप में प्रकट हुए वामन भगवान के तीन पग राजा बलि द्वारा तीन पग भूमि दान लेने के बाद पृथ्वी, स्वर्ग और तीसरे पग के लिए राजा बलि के सिर पर रखे गए थे। जिसके बाद राजा बलि पाताल लोक में चले गए और देवलोक की इंद्र शक्ति बहाल हुई। पहले पग से पृथ्वी, दूसरे से स्वर्गलोक नापा गया और तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपने सिर पर ही पैर रखने की अनुमति दी। जिससे देवताओं को उनका राज्य वापस मिला। इस मौके पर सुनील बाबू पिंगले, मनोज एलिया, शिवमोहन पाराशर, दीपक पराशर मौजूद थे।

## शिक्षक सम्मान समारोह का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से शुभारंभ

# बीआरसी ने बच्चों को गीत से शिक्षा का महत्व बताया, भविष्य में आगे बढ़ने के दिए टिप्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम पंचायत पथरिया के ग्राम सियलपुर के सनराइज कान्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभांरभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तो वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी मुख्य रूप से उपस्थित रहें। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव की गई।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि सनराइज कान्वेंट स्कूल ने एक वर्ष में ही इतने अच्छे परिणाम दिए कि स्कूल को देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि यह कई वर्षो पुरानी संस्था हो। संस्था में कम संसाधनो के बाद भी नन्हे मुन्ने बच्चो में जो ग्राम की छिपी हुई प्रतिभाएं थी। उन्हें संस्था द्वारा उभारकर एक अच्छा मंच दिया जा रहा है। इन्हें प्रतिभाओ में से देश में एक दिन पथरिया ग्राम का नाम रोशन किया जाएगा।

### वर्षो पहले लगाया हुआ पौधा आज शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को दे रहा फल

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि इतने छोटे छोटे बच्चो में इतना अच्छा अनुशासन देखकर मुझे बडा आश्चर्य हो रहा है। उन्होने अपने गीत के माध्यम से शिक्षको के सम्मान का महत्व बताया और बच्चो को अपने भविष्य में आगे बडने के लिए कई टिप्स दिए। वही वरिष्ठ सेवानिवित शिक्षक विजय कुमार लाहौरी ने कहा कि एक समय था जब हमने इस क्षेत्र में एक छोटा सा पौधा लगाया था।

वह पौधा आज नीलेश प्रजापति के रूप में बडा होकर आज पूरे ग्राम के नन्हे मुन्हे बच्चो को शिक्षा का फल दे रहा है। हाई स्कूल बरेज के प्राचार्य संतोष जैन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नीलेश प्रजापति का जो योगदान रहा है वह अनुकर्णी है उन्होने हमेशा से ही गांव के गरीब से गरीब बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बडाया है। उसी का परिणाम आज ग्राम के समस्त बच्चो को मिल रहा है। सीआरसी भगत सिंह रघुवंशी ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे शिक्षको ने हमें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बडने के लिए सहारा दिया है। उसी कारण हम इस क्षेत्र में बडे पद पर भी बडी आसानी के साथ कार्य कर रहें।

### नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियां

तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक-प्राचार्य द्वारा आगंतुक अतिथियो का शॉल श्रीफल,स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वही विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का स्वागत पुष्पमाला वा स्मृति चिन्ह प्रदान कर छात्रों एवं प्रबंधन ने किया और समस्त छात्र-छात्राओं को शिक्षक निर्भय सिंह रघुवंशी द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षक नरेश राय,विजय कुमार लाहौरी, संतोष जैन, देशराज खान, भगत सिंह, शफीक उल्ला खान, मुन्ने खान, यशवंत रघुवंशी, श्रीमती ज्योति अरविंद बैरागी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीलेश प्रजापति, राजकुमार सेन ने किया एवं आभार इंसाफ खान ने द्वारा किया गया।



## निर्मला कॉन्वेन्ट स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

### जीवन में सही राह का चुनाव कर अपने भविष्य का निर्माण करने स्वयं आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए : फादर एणटोनी

*सिरोंज।* *नवीन बस स्टेण्ड स्थित निर्मला कॉन्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यार्थियों द्वारा बैंड के जयघोष के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। जहां विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की उपप्राचार्य सिस्टर लिमी के द्वारा शिक्षकों के लिये प्रार्थना की जिसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि अनिल जैन,कल्पना शर्मा,वरिष्ठ शिक्षक रफत उल्लाह, युवा शिक्षिका संस्कृति जैन,के.जी. प्रतिनिधि सपना ठाकुर तथा विद्यालय के प्रंबंधक फादर एण्टोनी एवं सिस्टर टेन्सी के द्वारा केक काटकर सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग नृत्य,गीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने कहा कि मनुष्य का पूरा जीवन अंग्रेजी के दो वर्ण बी.से डी. के बीच गुजरता है जिसमें ह्यह्यबीह्न्ह्न का अर्थ बर्थ यानि जन्म तथा ह्यह्यडीह्न्ह्न का अर्थ डेथ यानि मृत्यु है व्यक्ति को अपने जन्म से मृत्यु के बीच ह्यह्यसीह्न्ह्न से च्वाईस अर्थात जीवन में सही राह का चुनाव कर अपने भविष्य का निर्माण स्वयं करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से जीवन में हमेशा कुछ न कुछ नया सीखने और तकनीकि ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी। इस अवसर विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में हेड बाय देवकरण रघुवंशी, मोहम्मद खुबेब अंसारी के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिक्षिका कल्पना शर्मा के द्वारा किया गया।*

# जिसने तालीम का हाथ पकड़ लिया वो कल बड़ा होगा : डॉ.सनवर पटेल

## जामा मस्जिद कमेटी का 3 लाख स्कॉलरशिप वितरण हुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मप्र वक्फ बोर्ड की पढ़ो पढ़ाओं राष्ट्रीय निमार्ण में भागीदारी बनों योजना के तहत जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज द्वारा 10 वी - 12वी में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमज़ोर एवं होनहार छात्र-छात्राओं को कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मप्र वक्फ बोर्ड के चैयरमेन डॉ.सनवर पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र के साथ 40 बच्चो को लगभग 3 लाख की स्कालरशिप के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होने जामा मस्जिद कमेटी के नवीन कार्यालय का उद्धघाटन भी किया। वही वक्फ बोर्ड की इस पहल के बाद आगे आए समाज सेवी अब्दुल सुब्हान मंसूरी, निजाम मंसूरी द्वारा भी चयनित सभी विद्यार्थीयों को एक एक हजार रूपए के चेक भी प्रोत्साहन के रूप में दिए। इस दौरान मप्र वक्फ बोर्ड के चैयरमेन डॉ.सनवर पटेल ने जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज के अध्यक्ष डॉ.मो वसीम व उनकी पूरी कमेटी की प्रंशसा करते हुए कहा कि जामा मस्जिद कमेटी बनाए मात्र 5 माह ही हुए और इतने कम समय में वक्फ की आय का 50 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर एवं होनहार विद्यार्थीयों पर खर्च करने की योजना को सिरोंज जैसी जगह में अमली जामा पहनाना प्रशंसीय है। उन्होने कहा कि अभी हमारे पास कृषि भूमियों से मात्र 5 प्रतिशत ही आय ही प्राप्त हो रही है। यदि शेष 95 प्रतिशत ओर प्राप्त हो तो हम समाज के कितने बच्चो के काम आ सकते है। हमारी पार्टी वक्फ को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही है वक्फ संपत्तियॉ ऑन लाइन होगी तो पारर्दिशिता बढ़ेगी हम अकेले कुछ नही कर सकते आप सबको साथ मिलकर आगे आना होगा तभी हम शिक्षा को आगे बड़ा सकते है। उन्होने कहा कि हमारे बुजुर्ग जो वक्फ संपत्यि छोड़कर गए है उनसे हमारा समाज आत्मनिर्भर हो सकता है आगे बढ़ सकता है पर इसके लिए हमे आगे आने की जरूरत है।

**अच्छा काम होने पर कुछ लोगो को होता है दर्द :** इस मौके पर श्री डॉ पटेल ने कहा कि जब भी कोई अच्छा कार्य होता है तो कुछ लोगो को पेट में दर्द तो होता ही है। उन्हें यह हज़म नही होता कि वक्फ बोर्ड बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आ रहा है वो लोग साथ नही दे सकते सिर्फ तोमत लगा सकते है कुछ लोग मस्जिद की दुकानों पर कब्जा करे है और नाम मात्र किराया दे रहे है तो कुछ जमीनो पर कब्जा करे हुए है ऐसे लोगो से हम डरेंगे नही ऐसे लोग सोशल मीडिया पर पोस्टे डालकर अच्छे कामो को बुरा बताने की कोशिश करेंगें पर हमें अच्छे कामो के लिए आगे आते रहना है बच्चो को आप पढ़कर आगे बढ़कर ऐसे लोगो के मुंह बंद करों डॉ.कलाम साहब से सीखों जिनका परिवार छाता सुधारता था एक छाता सुधारने वाले के परिवार से एक बच्चा मिसाइल मेन बनता है और देश का राष्ट्रपति बनता है।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

मप्र वक्फ बोर्ड के चैयरमेन डॉ सनवर पटेल बासौदा से होते हुए सिरोंज आए उनके साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष समीर किरमानी साथ रहें। इस दौरान अंबानगर चौराहे पर में मिर्जा हबीब बैग,जिला वक्फ कमेटी उपाध्यक्ष मिर्जा सोहेल बैग द्वारा फूल की वर्षा कर भव्य स्वागत किया।जिसके बाद ग्राम देहरी में संरपच माजिद खां द्वारा स्वागत किया। तो वही सिरोंज में बलेजा पेट्रोल पंप के सामने स्थित कब्रस्तान में हाफिज शम्स कमर और मुनीम गौरी की टीम के साथ वृक्षारोपण करते हुए समाज के लोगो द्वारा बनाई बाउण्ट्री की सरहाना की। स्थानीय सुहाग गार्डन में जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज के अध्यक्ष डॉ.वसीम सहित पूरी कमेटी ने जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष अययुब कुरैशी सहित कमेटी के सदस्यों ने मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अलताफ खान, शहर काजी अब्दुल रशीद, आदि ने बड़ी फूल मालाओं से स्वागत किया। साथ समाजसेवी फाजिल खांन और बाबू ठेकेदार द्वारा फाजिल खान के निवास पर डॉ सनवर पटेल का सम्मान किया। इसके पश्चात श्री पटेल ने मदरसा रियाजुल मदारिस का निरीक्षण कर पूर्व पार्षद मोहम्मद मिया के निवास पर भी पहुंचे जिसके बाद जामा मस्जिद कमेटी के कार्यालय का उद्धघाटन किया।

### इन्होनें किया कार्यक्रम को संबोधित

कार्यक्रम को भोपाल से आए वरिष्ठ समाजसेवी जावेद खान,सिरोंज शहर काजी अब्दुल रशीद,भाजपा नेता कवि गौरी,समाज सेवी नईम अथर,जिला मुस्लिम त्यौहार कमेटी के उपाध्यक्ष इरफान मंसूरी,ब्लॉक अध्यक्ष वाजिद कुरैशी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष डॉ.मो वसीम ने किया और आभार व्यक्त हाफिज खालिद द्वारा किया गया। इस दौरान जिला अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला अध्यक्ष समीर किरमानी ,जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष अययुब कुरैशी,हज कमेटी जिला अध्यक्ष सैयद नदीम अली,पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष निजाम मंसूरी,वरिष्ठ समाजसेवी मिर्जा हबीब बैग,बाबू ठेकेदार,वाजिद कुरैशी,हाफिज मुशीर, मोलवी इश्तेहाक,सत्तार मंसूरी,शमीम कुरैशी,असद मिया,रिजवान खान आदि लोग उपस्थित रहें।

## आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर में छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन

**सागर।** आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा शहर के मैजेस्टिक प्लाजा में छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम चल रहा है। इस शिविर में प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम और जीवन को संतुलित करने के सूत्र सिखाए जा रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि यह प्रोग्राम लोगों को तनावमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेगा। आत्मबल, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल योग शिविर नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सीखने का अवसर है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद आम हो गए हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, लेकिन मानसिक शांति और आत्मसंतुष्टि से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह प्रोग्राम आत्मचिंतन और आंतरिक शांति पाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को यह सिखाया जा रहा है कि कैसे वे अपनी दिनचर्या में छोटे बदलाव लाकर जीवन को खुशहाल और तनावमुक्त बना सकते हैं। खासकर युवाओं के लिए यह शिविर बेहद उपयोगी हो सकता है।

## कॉलेज के छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस



**विदिशा।** सांई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल सांइसेंस द्वारा डॉक्टर सर्व पल्ली राधाकृष्णनन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी गठित किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय किसान संघ के तहसील प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 5 सितंबर को प्रेम श्री पैराडाइज, ढोलखेड़ी चौराह पर हुआ। इस अवसर पर विदिशा तहसील की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुकेश साहू, उपाध्यक्ष भानु प्रकाश यादव उपाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, मंत्री राजकुमार रघुवंशी, राजमोहन दुबे, मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, सह-मीडिया प्रभारी देवेंद्र तिवारी, युवा वाहिनी सह-संयोजक शंकर सिंह गौड़, जैविक प्रमुख सम्मान सिंह धाकड़, सह-जैविक प्रमुख धर्मवीर सिंह जाटव, कार्यालय मंत्री गौरी शंकर दुबे , सह-कार्यालय मंत्री धर्मेंद्र धाकड़ को शामिल किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन कैलाश सिंह ठाकुर पूर्व प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ने किया और भारतीय किसान संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख राहुल दूत ने कार्यकर्ता निर्माण और कार्य पद्धति पर मार्गदर्शन दिया। जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि बलराम जयंती सभी गांवों में मनाई जाएगी। साथ ही, 15 सितंबर को ज्ञापन दिवस पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव जी ने खाद की अपर्याप्त आपूर्ति और फसल बीमा की सीमित पहुंचपर चिंता जताई। इसके समाधान हेतु आंदोलन की तैयारी होगी।

## मगधम स्कूल में धूमधाम से मनाया गणेश महोत्सव



**विदिशा।** मगधम इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति गणेश महोत्सव एवं महाआरती का भव्य आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सौरभ सिंह तथा विशेष अतिथि अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी अतुल शाह उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें गणेश वंदना और छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा और संस्कारों का संचार करते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने भी विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था प्राचार्या रचना नायर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महाआरती के दौरान पूरा प्रांगण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। अभिभावकों, अतिथियों और विद्यार्थियों ने आरती में भाग लेकर इस पावन क्षण को अविस्मरणीय बना दिया।

## बीएमसी में एमबीबीएस की सीटें बढ़ीं, अब 150 विद्यार्थी कर सकेंगे प्रवेश

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या बढ़ा दी गई है। वर्ष 2009 में जब कॉलेज को पहली बार एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति मिली थी, तब कुल 100 सीटों पर प्रवेश होता था। इसके बाद वर्ष 2019 में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत 25 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गईं और कुल संख्या 125 हो गई थी। कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर ने जानकारी दी कि इस वर्ष एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) में 150 सीटों पर एडमिशन की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था।

**कार्यालय प्रियदर्शनी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. विदिशा**

पंजी क्र. 551 दिनांक 13/01/1997

क्र./वा.आ.स./25-26 क्यू. दिनांक 05.09.2025

म.प्र. सहकारी सोसा. अधिनियम 1960 के अन्तर्गत वार्षिक आमसभा का

// सूचना पत्र //

प्रियदर्शिनी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. विदिशा समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 20.09.25, दिन शनिवार को स्थान संस्था कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित हुआ है, अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। नोट : कोरम के अभाव में बैठक 1/2 को स्थगित की जायेगी, उपरांत उसी स्थान दिनांक को बैठक की कार्यवाही की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। सूचना पत्र पृथक से सदस्यों को प्रेषित किया जा रहा है।

(लवकेश दुबे) प्रबंधक — (श्रीमती शशि शर्मा) अध्यक्ष

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, हिनोतिया, शाखा-देवखजूरी जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 463 दिनांक 10.12.1992 दिनांकः-06-09-2025

क्रमांक/आमसभा/क्यू/2025-26

// वार्षिक आमसभा सूचना //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हिनोतिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 20-09-2025 को सुबह 12 बजे स्थान समिति हिनोतिया मुख्यालय हिनोतिया में आयोजित की जावेगी। गणपूर्ण (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

श्री किशोर कुमार अहरवाल जी, प्रशासक/अध्यक्ष, बहु.प्रा.कृ.सा.स.स.मर्या. हिनोतिया — दयानंद शर्मा, समिति प्रबंधक, बहु.प्रा.कृ.सा.स.स.मर्या. हिनोतिया

**बहु.उ.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द, जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 549 दिनांक 11.03.1957 दिनांक : 06/09/2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहु.उ. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांकलखेड़ा खुर्द के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है साधारण सभा दिन मंगलवार दिनांक 16/09/2025 को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति भवन सांकलखेड़ा खुर्द में आयोजित की गई है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एंजिल चेरियन, समिति प्रबंधक, बहु.उ. प्रा.कृ.सा.सह. समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बहु.उ. प्रा.कृ.सा.सह. समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द

**बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सतपाड़ा सराय शाखा सांकलखेड़ा जिला-विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 3656/30/06/1967

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सतपाड़ा सराय के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति कि वार्षिक आमसभा दिन बुधवार दिनांक 17.09.25 को दोप 01.00 बजे स्थान समिति कार्यालय ग्राम सतपाड़ा सराय में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी।

शारदा झारिया, समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक

**प्राथमिक कृषि साख साकारी समिति मर्यादित थान्नेर**

पंजीयन क्रमांक 518 दिनांक 25-02-1995

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित थान्नेर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 31वीं साधारण सभा दिनांक 19/09/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय थान्नेर में आयोजित की गई । गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसने गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

ऊधमसिंह मीना, समिति प्रबंधक, प्रा.कृ.सा.सह. समिति थान्नेर — श्री किशोर कुमार अहिरवाल, प्रशासक, प्रा.कृ.सा. सह. समिति थान्नेर

**महाराष्ट्र समाज बहुकार्यकारिणी सहकारी समिति मर्यादित, विदिशा**

पंजीयन क्रमांक 4241/24.06.1935 दिनांक : 06.09.2025

वार्षिक आमसभा

महाराष्ट्र समाज बहुकार्यकारिणी सहकारी समिति मर्यादित, विदिशा म.प्र. के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 28.09.2025 दिन रविवार सायंकाल 05:00 बजे समिति सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

गणपूर्ति ( कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगीं बैठक में आप समस्त अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

दीपक दत्तात्रय दीक्षित, अध्यक्ष — महे मल्हारराव कन्हेरकर, सचिव — प्रसाद गजानन करमरकर, प्रबंधक

# अनंत चतुर्थी पर आज होगा गणेश विसर्जन 6 जगह मंच बनाए गए, प्रभारी नियुक्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में चल रहे गणेशोत्सव का समापन आज अनंत चतुर्थी के अवसर पर भव्य गणेश विसर्जन के साथ होगा। इस दौरान शहरभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा। प्रशासन एवं सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं।

समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि गणेश उत्सव चल समारोह का शुभारंभ शनिवार शाम 7 बजे होगा। मार्ग पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं के स्वागत हेतु छह अलग-अलग मंच तैयार किए गए हैं। इन मंचों के लिए छह प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों आबकारी विभाग, माधवगंज, नगरपालिका, तिलक चौक, बड़े बाजार एवं बजरिया मंचों पर व्यवस्था संभालेंगे। मंचों पर अतिथियों के लिए विशेष प्रबंध भी किए जाएंगे। संयोजक अभय पचौरी व सह संयोजक अतुल कटारे ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जीवनदायिनी मां बेतवा नदी के समीप स्थित जानकी कुंड में किया जाएगा। विसर्जन से पहले एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जिसमें विभिन्न मंडल अपनी आकर्षक झांकियों, डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल होंगे। यह चल समारोह देर रात तक चलता रहेगा और शहर की प्रमुख सड़कों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचेगा।आगे नितिन माहेश्वरी ने बताया कि इस दौरान चल समारोह में 150 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। महिला सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिस बल तैनात किया जाएगा। नगर पालिका और अन्य विभागों के कर्मचारी भी व्यवस्था में सहयोग करेंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि विसर्जन के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करें।समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन के साथ ही शहर का गणेश उत्सव संपन्न होगा और अगले वर्ष पुनः गणपति बप्पा का स्वागत धूमधाम से किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## मीणा समाज ने शिक्षकों का किया सम्मान




**सलामतपुर।** शुक्रवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर मीणा समाज सेवा संगठन जिला रायसेन द्वारा समस्त शिक्षकों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम खोहा पंचायत कार्यलय पर किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहें जिसमे प्रदेश मंत्री रघुवीर सिंह मीणा, राजमलखान सिंह मीणा, जिला महामंत्री भगवान सिंह मीणा, जिला उपाध्यक्ष किशन सिंह मीणा, जिला उपाध्यक्ष एवं सरपंच संघ अध्यक्ष कालूराम मीणा, जिला कोषाध्यक्ष भगवान सिंह मीणा, सरपंच रघुवीर मीणा, खुमान सिंह मीणा एवं सामाजिक बंधुओं ने शिक्षकों को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत व सम्मान किया। शिक्षकों में महाराज सिंह मीणा, लखनसिंह मीणा, लीलाकिशन मीणा, नवचयनित शिक्षक प्रकाश मीणा, हरगोविंद धाकड़, हरिशंकर गर्ग एवं शिक्षक गण सम्मिलित हुए।

## अब बालिका रहेगी मातृ छाया में, किया सुपुर्द



**बरेली।** बाल कल्याण समिति रायसेन ने कचरे में मिली नवजात बच्ची को सिविल अस्पताल पहुंचकर अपने संरक्षण में ले लिया। जहां से बच्ची के लालन पालन के लिए डॉ. प्रशांत सेन, एएसआई रमेश खंडाग्रे, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रष्मि शर्मा द्वारा मातृ छाया संस्था भोपाल की प्रीति साहू को सुपुर्द किया। बच्ची को गोद लेने के लिए दर्जनों लोगों ने इच्छा व्यक्त की थी।

## आज धूमधाम से मनेगा अनंत चतुर्दशी त्यौहार

**रायसेन।** श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर हिउस ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। श्री हिउस के अध्यक्ष अनिल चौरसिया, चन्द्रकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि शहर के महामाया चौक पर अनंत चतुर्दशी समारोह का आयोजन शनिवार को शाम 7.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी पंकज पांडे करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन मौजूद रहेंगीं। इस अवसर पर नगर की सभी गणेश प्रतिमाएं भी विभिन्न स्थानों से चलकर महामाया चौक के सामने पहुंचेंगी।, कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री गणेश जी की झांकियों, डोल विमानों को पुरस्कारों का वितरण समिति की ओर से मुख्य अतिथियों द्वारा मंच के माध्यम से किया जाएगा।

## 'बप्पा' के दर्शन करने उमड़ रही भक्तों की भीड़



**बाड़ी।** दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव नगर में उत्साह से मनाया जा रहा है। नगर के लगभग 20 स्थान पर गणपति महाराज विराजमान है। पंडाल की सजावट में समिति के सदस्य मेहनत कर रहे हैं। बाड़ी कला एवं बाड़ी खुर्द चौक चौराहे, सामूहिक स्थलों, मठ मंदिरों में गणपति का दरबार लगा है। आकर्षक प्रतिमाएं बाहर से लाई गई है। गणपति महाराज की प्रतिमा भक्तों को आकर्षित कर रही है। गणपति महाराज के दर्शन के लिए लोगों की व्याकुलता उनके चेहरे पर दिखाई दे रही है। श्रीगणेश झांकी पांडालों में देर रात्रि तक भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

### मोबाइल से धुंधली हो रही बचपन की चमक, बच्चों में बढ़ रही आंखों की समस्या

# मासूमों की आंखों में सूजन, जलन व आंसू आने के मामले अस्पताल में बढ़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल में इन दिनों आम जनों और बच्चों में आंखों में सूजन जलन व लगातार आंसू आने के मामले सामने आ रहे हैं। नेत्र विभाग में आंखों से मरीज इलाज कराने पहुंचता है बताया जाता है कि मोबाइल स्क्रीन से धुंधली हो रही है बचपन की चमक और बच्चों में बढ़ रही है लगातार आंखों की समस्याएं।

जिला चिकित्सालय में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों को 20 मिनट से ज्यादा मोबाइल का उपयोग उनकी आंखों में गलत प्रभाव डाल सकता है। इसकी वजह से उनकी आंखों से लगातार आंसू बहने और दृष्टि कम होने की समस्या आ सकती है। वयस्क व्यक्ति इस बात को समझता है कि मोबाइल कितने समय तक चलाना है और इसी की वजह से वह बीच-बीच में इसका उपयोग बंद कर देता है और अपनी आंखों को रेस्ट देता है। लेकिन बच्चे यह नहीं समझ पाते हैं और लगातार उपयोग करने की वजह से उनको सिर में दर्द, चिड़चिड़ापन और आंखों से आंसू बहना एवं नींद न आने की समस्या का सामना उन्हें करना पड़ सकता है।

### आउटडोर गेमिंग के लिए बच्चों में डालें आदत

*वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ एसी अग्रवाल, डॉ अंकिता गोयल, डॉ शरद साहू ने बताया कि बच्चों के लिए आउटडोर गेमिंग की सलाह दी है। खेलों की बजाय मोबाइल गेमिंग पर उनका ध्यान ज्यादा होने के कारण इसका लगातार प्रयोग करने से जहां बीमार हैं। वहीं फिजिकल एक्टिविटी ना होने से अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं। दूसरी ओर मोबाइल से उनके मन मस्तिष्क पर विपरीत असर पड़ रहा है।*

### नेत्रदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत नेत्रदान महादान शिविर जिला अस्पताल में 25 अगस्त से प्रारंभ किया गया था, जो कि 8 सितंबर तक आयोजित होगा। सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ आरपी तिवारी ने बताया कि यह शिविर जिला अस्पताल में प्रतिदिन लग रहा है।

### थकान, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन के शिकार हो रहे बच्चे

*मोबाइल की लत के कारण आंखों में आंसू ,जलन तथा सूजन की समस्या होने के साथ ही बच्चे थकान, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन की समस्या से भी ग्रसित हो रहे हैं। लगातार मोबाइल का उपयोग करने की वजह से मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। जिसको लेकर परिजन जिला चिकित्सालय पहुंच रहे हैं और नेत्र रोग विशेषज्ञ से सलाह ले रहे हैं।*

### बच्चों का अधिकांश समय गुजर रहा मोबाइल चलाने में

*आजकल बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल देखने में बिता रहे हैं। बड़े बच्चे के साथ-साथ छोटे बच्चों में भी यह समस्या बढ़ रही है। पेरेंट्स भी अपना काम जल्दी निपटाने की कोशिश में बच्चों को मोवाइल चालू कर उनके हाथ में थमा देते हैं। बच्चे घण्टों मोबाइल चलाने में लगे रहते हैं, जबकि एक्सपर्ट का कहना है कि यह गलत है। मासूमों को मोबाइल देने की आदत नहीं डालें।*

### पुल के ऊपर बह रहा 2 से 3 फीट पानी

## जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

गांव के पास स्थित घोड़ापछाड़ नदी के पास बसे कई गांव के नागरिक अपनी जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। दीवानगंज के पास स्थित घोड़ापछाड़ नदी लगातार बारिश होने के कारण दो दिनों से लगातार उफान पर है।

- पुल पर पानी आने से बंद हो जाता है आवागमन

नदी के उस पार बसे ग्राम सत्ती, बांसिया, पिपरई, मुनारा, हिनोतिया, भंवरखेड़ी, केमखेड़ी में जरा तेज बारिश होने पर घोड़ा पछाड़ नदी पर बने पुल के ऊपर 2 से 3 फीट पानी आ जाता है। एक दर्जन से ज्यादा गांव नदी के उस पार पड़ते हैं। इन सभी गांव के ग्रामीण अपने रोजमर्रा के काम के लिए भोपाल ,विदिशा, दीवानगंज, सांची और रायसेन, सहित अन्य जगह के लिए आते जाते हैं। पुलिस प्रशासन ने नदी के पुल पर पानी होने पर नदी पार ना करने का संकेतक बोर्ड लगा रखा है, लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे हैं। अगर पुल पार करते समय नदी का बहाव तेज हो जाए तो अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

पिछले साल मना करने के बावजूद भी एक व्यक्ति घोड़ा पछाड़ नदी पार कर रहा था, तेज बहाव में बह गया था, उसके दूसरे दिन उसका शव काफी दूर मिला था। इसके बावजूद भी ग्रामीण पुल पार कर रहे हैं। इन गांवों के लोगों को आज भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या बरसात के दिनों में और भी गंभीर हो जाती है, जब नदी का जल स्तर बढ़ने पर आवागमन बंद हो जाता है।

## अखाड़ों के साथ निकला ईद-मिलाद-उन नबी का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

### प्रमुख स्थानों पर हुआ अखाड़ों का प्रदर्शन



कन्या शाला रोड छात्रावास के पास इमामवाड़ा से ईद मिलाद उन नबी का जुलूस अखाड़ों, डीजे के साथ शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। नगर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण के दौरान फ्री नगर, बिदुआ कॉलोनी, इस्लामपुरा और खिरिया मोहल्ला के अखाड़ों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

**डीजे पर नबी की शान में कब्बाली :** पेगम्बर ए इस्लाम नबी की शान में डीजे पर कब्बाली चलती रही। भारी संख्या में सम्मिलित मुस्लिम समाज के लोग नबी की शान में हाथों में झंडे लेकर नारे लगाते हुए साथ चलते रहें।

नबी के पैदाइश और वफात का त्यौहार ईद मिलादुन्नबी बड़ी शिद्दत के साथ मनाने नगर की मुस्लिम समाज के लोग सक्रिय बने रहे। लोगों में भारी उत्साह का माहौल बना रहा। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक नबी का संदेश लोगों को दिया जाता रहा। जलूस का बड़ा बाजार में समापन हुआ।

## नगर में गणेशोत्सव की धूम, पांडालों में सजे 'बप्पा'



**रायसेन।** शहर में श्री गणेशोत्सव की चौतरफा धूम मची हुई है, जिससे शहर का धार्मिक माहौल गणेश मय हो गया है। आकर्षक तरीके से सजे पांडालों में विराजे भगवान गणेश की पूजन आरती के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। सुबह शाम गणेश भक्तों की भीड़ आरती पूजन विघ्नहर्ता के दर्शन के लिए उमड़ रही है।

शहर में सांची रोड स्थित गोटी ढाबा पर गिरजा नन्दन श्री गणेश विराजे हैं तो वहीं ठाकुर मोहल्ला में रिद्धि सिद्धि संग श्रीकृष्ण के रूप में विघ्नहर्ता श्री गणेश विराजमान हैं।

## थमा बारिश का दौर तब मिली राहत फिर भी आसमान में बादलों का डेरा

### आज अनंत चौदस पर नगर में अखाड़ों के साथ निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



### आज निकलेगा चल समारोह

*श्रीगणेशोत्सव के समापन पर परंपरानुसार अनंत चौदस पर बड़ा बाजार से हिउस के तत्वाधान में चल समारोह निकालने की परंपरा है। चल समारोह में श्रीगणेश झांकियां भी सम्मिलित होती है, जिसकी तैयारी हिउस द्वारा की जा रही है।*

गणेशोत्सव में 4 दिन लगातार बारिश होने से झांकी पंडालो की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त बनी रही। शुक्रवार को बारिश थमने से समितियों के कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने राहत की सांस ली। गणेश जी की नगर में लगी 50 से अधिक झांकी पंडालों में सजावट करने के साथ रौनक बढ़ना शुरू हो गई है।

दो-तीन दिन से लगातार बारिश का दौर चलता रहा, जिससे नगर की सड़कों पर कीचड़ हो गया। गुरूवार को आसमान में बादल रहने के बाद बारिश नहीं हुई। चार दिनों से उदासीन समिति कार्यकर्ता बारिश थमते ही सक्रिय हो उठे। झांकी पंडालों की सजावट के साथ श्री गणेश के भक्त नर-नारियों का दर्शन करने पहुंचना शुरू हो गया। दस दिवसीय गणेशोत्सव के समापन में अभी दो दिन का समय बचा हुआ है।

समितियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।

## पिछले दिनों में हुई लगातार बारिश का असर हरी सब्जियों की आवक कम, भाव अधिक

- 40 से 100 रुपए किलो तक पहुंचे हरी सब्जियों के भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

### हिम्मत जुटा कर लोग कर रहे सब्जियों की खरीद



पिछले दिनों में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में लगातार जमकर बारिश हुई। जिससे हरी सब्जियों की बेला पौधों में नमी, पानी की अधिकता से फूल फल झड जाने से सब्जियों का लोकल उत्पादन नगण्य हो गया।

अधिकांश हरी सब्जियों की आवक बाहर से होने के कारण सब्जियों के दाम 40 से 100 रू. किलो बने हुए है। एक किलों सब्जी प्रतिदिन लग जाती है। लोग बडी हिम्मत जुटा कर सब्जी का चयन उसके भाव के अनुसार कर खरीदने की हिम्मत जुटा पा रहे है।


**आसमान पर भाव :** आलू 20 रू., टमाटर 60 रू किलो, गिलकी बेंगन, भिंडी 40 से 60 रू. किलो, मुनगा फल्ल्ली, शिमला मिर्च 100 रू. किलो, कद्दू, फूल गोभी, पत्ता गोभी, लोकी इत्यादि के भाव भी 60 से 80 रू. किलो फुटकर में बने हुए है। हरी मिर्च, हरी धनिया खरीदना और सब्जियों में उपयोग करना कठिन हो रहा है। अधिकांश हरी सब्जियां प्रदेश और प्रदेश के बाहर के स्थानों से आ रही है। सबसे बडी समस्या तो यह है कि सब्जियों के भाव भी अधिक है। उसके बाद उनकी क्वालिटी भी ठीक नहीं है। क्यों हरी सब्जियों के बाहर से परिवहन में समय लगता है। और बोरियों पन्नीयों में भरी सब्जियों की क्वालिटी खराब होने लगती है।

### दीवाली बाद राहत की आस

- थोक मंडी के व्यापारियों के अनुसार अधिकांश सब्जियां बाहर से आ रही है। जिससे भाव अधिक बने हुए है। दीपावली बाद लोकल में अच्छी मात्रा में हरी सब्जियों का उत्पादन होने से भावों में कमी आना शुरू हो जाएगी। सर्दी और गर्मी के मौसम में क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सभी प्रकार की सब्जियों का भारी उत्पादन होता है।

## सत्यार्थ वेलफेयर फाउंडेशन का शिक्षक दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



शिक्षक दिवस के अवसर पर सत्यार्थ वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए लगातार पाँचवें वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर के शासकीय सीएम राइज स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के ब्लड बैंक के लिए कुल 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, जिन्होंने शिविर स्थल पर पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और सत्यार्थ फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के समस्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा रक्तदान जैसा पुनीत कार्य समाज में जीवनदायिनी भावना को प्रोत्साहित करता है। सत्यार्थ फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा प्रयास युवाओं को प्रेरणा देगा।

इस अवसर पर संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता सतीश साहू को शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं में सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़े।

### शिक्षक सम्मान समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया संबोधन

## शिक्षक ज्ञान के साथ चरित्र, अनुशासन की नींव भी रखते हैं : रामपाल सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के सांदीपनि विद्यालय में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। समारोह में रामपाल सिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थी नहीं बनाता वह पूरे राष्ट्र का निर्माता होता है। उसका योगदान पीढ़ियों तक समाज को दिशा देने वाला होता है।

उन्होंने आगे कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस, केवल एक दिन नहीं बल्कि उन गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का प्रतीक है, जो अपने जीवन को दूसरों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित कर देते हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा एक अच्छा शिक्षक न केवल ज्ञान देता है, बल्कि चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की नींव भी रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं। वे केवल पढ़ाई ही नहीं कराते बल्कि अच्छे संस्कार, जीवन मूल्य और सही दिशा भी देते हैं।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का शॉल और श्रीफल से किया सम्मान



**रायसेन।** जिले के देवनगर कस्बा स्थित कुशवाहा गार्डन में शुक्रवार को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रखा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, बीजेपी जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा शामिल रहे।

शिक्षक सम्मान का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती जी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी, भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा का आयोजकों द्वारा शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि गुरु की महिमा की जितनी बात की जाए उतनी कम है। उसी प्रकार से शिक्षक भी शिक्षा के प्रति लग्ननिष्ठा, समर्पित भाव से जो शिक्षा की अलख जगा रहे है। इसमें भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने संबोधित किया।